स्टेशन अधीक्षक, टूण्डला के अधीन महिला चपरासियों की नियुक्ति

9092. **श्री बालासाहिब पवार** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि स्टेशन अधीक्षक, टूण्डला के अधीन कार्यरत महिला चपरासियों को स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय में तैनात न करके अन्य जगह तैनात किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी कितनी महिला चपरासी हैं, जो स्टेशन अधीक्षक के आदेश पर अपने निजी कार्यालय में कार्य न करके अन्य जगह कार्य कर रही हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि टूण्डला स्टेशन पर पुरुष-चपरासियों को कार्यालय में तैनाती कर रखी है, जबकि महिला चपरासियों को नहीं, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग). टूण्डला में केवल एक ही महिला चपरासी उपलब्ध है और वह टूण्डला स्टेशन पर तार कार्यालय में कार्यरत है। यह कार्यालय भी स्टेशन अधीक्षक, टूण्डला, के नियंत्रण में है उसे इस कार्यालय में प्रशासनिक हित में तैनात किया गया था क्योंकि किसी पुरुष चपरासी की तुलना में, जो विभिन्न केबिनों, यार्डों, माल-गोदामों नियंत्रण कार्यालयों, मंडलीय कार्यालय, अधीक्षक के कार्यालय तथा टूण्डला क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों में आसानी से आ जा सकता है, महिला चपरासी की कुछ सीमाएं होती हैं।

Sophisticated marine radio beacon at Minicoy

9093. DR. KRUPASINDHU BHOI: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the Lighthouses and Lightships Department has set up a Rs 15.65 lakh sophisticated marine radio beacon at Minicoy to provide increased navigational assistance and make navigation safe for vessels plying in the area particularly along international routes;

(b) if so, the salient features thereof; and

(c) how far it will go to help the vessels under all weather conditions to determine their positions accurately?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI SITA RAM KESARI): (a) Yes, Sir.

(b) The Radio Beacon equipment, which is fully transistorised, incorporates the latest technology and has a range of 400 kilometers.

(c) The new Radio Beacon equipment is intended to asist the ships navigating in the area in direction finding. This would also, in conjunction with the Radio Beacon already in operation at Periyar Lighthouse, help the vessels to determine their position accurately within a range of 400 kilometers under all weather conditions.

रेलवे की कृषि के अधीन भूमि

9094. **श्री अश्फाक हुसैन** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेलवे के पास कितना भूक्षेत्र है तथा उसका जोनवार जिन कार्यों के लिए उपयोग किया जा रहा है उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) इसमें से कितना क्षेत्र कृषि योग्य है और वास्तव में कितने अंश का खेती के लिए उपयोग किया जा रहा है,

(ग) रेल लाइनों के साथ की भूमि तथा बंगलों की चारदीवारी में आई हुई भूमि को खेती के लिए किन किन शर्तों पर ठेके पर दिया जाता है और उनमें रेलवे को जोनवार, प्रतिहेक्टेयर औसतन कितनी आय होती है ;

(घ) क्या आय बढ़ाने के उद्देश्य से इस भूमि का उचित उपयोग करने के सम्बन्ध में सरकार किसी योजना पर विचार कर रही है ;